**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 20.04.2026 समय : 0705

<><><><><><>

1. पर्यटन विभाग की ओर से प्रदर्शनी मैदान में आयोजित आइलैंड फूड फेस्टिवल का कल समापन हो गया।

2. साध्वी सैल फैमिना मिस इंडिया वर्ल्ड की विजेता बनी– साध्वी मिस वर्ल्ड प्रतिस्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

3. दक्षिण अंडमान जिला पुलिस की ओर से जिले के विभिन्न स्कूलों में छात्रों के लिए जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

4. आठवें राज्य स्तरीय लीग–सह–नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल आज खेला जाएगा ।

<><><><><><>

पर्यटन विभाग की ओर से प्रदर्शनी मैदान में आयोजित आइलैंड फूड फेस्टिवल का कल समापन हो गया। इस उत्सव में सांस्कृतिक प्रदर्शनों के साथ फूड स्टालों पर पारंपरिक व्यंजनों, क्षेत्रीय भारतीय खान–पान और लोकप्रिय स्ट्रीट फूड की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध थी। इस आयोजन से स्थानीय रसोइयों, स्वयं सहायता समूहों और छोटे उद्यमियों को अपना कौशल दिखाने और स्थानीय स्वादों को बढ़ावा देने का एक मंच मिला। महोत्सव के दौरान लड़के और लड़कियों दोनों वर्गों में शतरंज प्रतियोगिता आयोजित कर विजेताओं को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए, जबकि स्टाल लगाने वाले विक्रेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

<><><><><><>

साध्वी सैल फैमिना मिस इंडिया वर्ल्ड की विजेता बन गई हैं। उन्हें मिस वर्ल्ड प्रतिस्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। ओडिशा के भुवनेश्वर में कल राजनंदिनी दूसरे और श्रीअद्वैता तीसरे स्थान पर रहीं।

इस बीच, वस्त्र मंत्रालय ने 'विश्व सूत्र – विश्व के लिए भारत की बुनाई' नामक एक पहल की शुरूआत की है। डिजाइनरों का एक विशेष संग्रह, भुवनेश्वर में मिस इंडिया के आयोजन में प्रस्तुत किया गया। इसका उद्देश्य भारतीय हथकरघा को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करना है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी की ओर से गाराचरमा स्थित प्रधान कार्यालय के सामुदायिक भवन में एकीकृत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर विशेष रूप से सफाई कर्मचारियों के लिए आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम ANACS के परियोजना निदेशक डॉ. सुब्रत साहा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसका मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना और कर्मचारियों को आवश्यक चिकित्सा जांच सेवाएं प्रदान करना था। इस पहल से कुल 25 सफाई कर्मचारी लाभान्वित हुए। स्वास्थ्य शिविर में कर्मचारियों की चिकित्सा जांच की गई। जागरूकता सत्र के दौरान लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व, सुरक्षित कार्य प्रणालियां और समय पर उपचार तथा दैनिक जीवन में निवारक उपायों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

<><><><><><>

महावीर इंटरनेशनल की ओर से कालीकट स्थित अन्नपूर्णा गौशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी उत्तम चंद सिंघवी ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रधान टी. एघंबरम, समिति उप–प्रमुख डी. सत्यनारायण, सरपंच आर. रतीश और अध्यक्ष अनूप गोपीनाथन भी उपस्थित थे। इस शिविर में 25 से अधिक लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला पुलिस की ओर से जिले के विभिन्न स्कूलों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग, साइबर अपराध, यातायात नियम और पॉक्सो अधिनियम जैसे मुद्दों पर छात्रों के लिए जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। एंटी–नारकोटिक्स प्रभाग, अंडमान निकोबार पुलिस कला मंच और 'प्रयास' एनजीओ के सहयोग से चलाए गए इस अभियान के दौरान बच्चों को नशीली दवाओं से दूर रहने, साइबर अपराध, यातायात नियम, सड़क सुरक्षा और बच्चों को यौन अपराधों से बचाने के लिए बनाए गए कानूनी ढांचे और इसके मुख्य प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर अंडमान निकोबार पुलिस कला मंच ने नाटकों और प्रदर्शनों के माध्यम से सामाजिक संदेश दिए।

<><><><><><><>

शिक्षा विभाग की ओर से आठवीं राज्य स्तरीय लीग–सह–नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। सत्रह वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़के कल खेले गए सेमीफाइनल मैच ननकौड़ी ने डिगलीपुर को सात–शून्य से, जबकि कार निकोबार ने कैंपबेल बे को 01–00 से हराया। लड़कियों की श्रेणी में श्री विजयपुरम ने डिगलीपुर को 12–00 से और ननकौड़ी की टीम ने कार निकोबार पर 05–03 से जीत हासिल की। आज नेताजी स्टेडियम में तीसरे स्थान के लिए मैच खेला जा रहा है। इस टूर्नामेंट का फाइनल आज शाम 3 बजे से खेला जाएगा। इस अवसर पर शिक्षा सचिव एल. कुमार, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

<><><><><><><>

जनजातीय सांस्कृतिक खेलों के हिस्से के रूप में, कल कार निकोबार के चुकचुका गांव में पारंपरिक 16वीं इंटर विलेज होड़ी रेस चैंपियनशिप आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल मैचों को औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में निकोबार जिला उपायुक्त अमित काले, जिला पुलिस अधीक्षक राहुल एल. नायर और सहायक आयुक्त डॉ. नवीन कुमार भी उपस्थित थे। दौड़ के समापन के बाद, कार निकोबार के ग्रामीणों, जनजातीय परिषद के सदस्यों और विभिन्न विभागों के प्रमुखों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान स्थानीय समुदाय द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों और शिकायतों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों को  प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त के साथ समन्वय कर मामलों का निपटारा करने के निर्देश दिया। मुख्य सचिव ने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जनजातीय परिषद के अध्यक्ष को 100 पुस्तकें भेंट कीं।

<><><><><><><>

द्वीप प्रशासन के कैलेंडर ऑफ इवेंट्स 2025–26 के तहत, रंगत के रामन बगीचा समुद्र तट पर दो दिवसीय बीच स्पोर्ट्स फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस उत्सव का आयोजन पर्यटन विभाग द्वारा सहायक आयुक्त कार्यालय, ग्राम पंचायत निंबुतला और अन्य संबंधित विभागों के समन्वय से किया गया। इस दौरान युवाओं और निवासियों के बीच शारीरिक फिटनेस, खेल भावना और सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीच वॉलीबॉल, 50 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी, बीच कबड्डी, बीच फुटबॉल और टग ऑफ वार जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस उत्सव के समापन अवसर पर सहायक आयुक्त दीपांशु वोहरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने समुदाय की सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं और प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

अल्पसंख्यक कार्य तथा मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री द्वारा महिला आरक्षण विधेयक पर प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करने के समाचार को **द डेली टेलीग्राम्स** ने प्रमुखता देते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। इस समाचार के अलावा **द्वीप समाचार** राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह के कथन को प्रमुखता देते हुए लिखता है–सिविल सेवा परीक्षा 2025 में सफल प्रतिभागियों से में लगभग एक तिहाई महिलाएं हैं, नए भारत में महानगरों से अलग व्यापक भागीदारी सामने आ रही है। **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने पीएम–ईबस सेवा योजना के तहत राज्य  परिवहन सेवा में 17 नए बसों को शामिल करने के समाचार को अपने अखबार के प्रथम पृष्ठ के मध्य में जगह दी है। **इंफो इंडिया** ने अंडमान लोक निर्माण के वरिष्ठ अधिकारियों और पंचायती राज संस्थाओं के टीम द्वारा मिठाखाड़ी में जल परियोजनाओं के निरीक्षण करने के समाचार को अपनी हेडलाइन बनाई है, जबकि **द इको ऑफ इंडिया** ने बाराटांग में बोट ऑपरेटरों के लिए अग्नि सुरक्षा और जीवन रक्षक प्रशिक्षण आयोजित करने के समाचार को अपने अखबार में जगह दी है।

<><><><><><><>

<><><><><><><>

<><><><><><><>